Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:07 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:13 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 303 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 2 जून 2026
खतरों के खिलाड़ी 15 का ...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### गोला गेट के पास 96 पाउच अवैध देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी। कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली में तैनात एस आई आरती अपनी पुलिस टीम के साथ बीती रात क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त पर थीं। इसी दौरान रेलवे फाटक कैंट के पास एक मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति गौला गेट के आगे ब्लॉक नंबर-1 के पास शराब लेकर बिक्री के लिए जा रहा है। पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में अपना नाम अंकित उर्फ अंकित कश्यप, निवासी वार्ड नंबर-2, राजेंद्र नगर, राजपुरा बताया। तलाशी में उसके पास से देशी शराब के 96 पाउच बरामद हुए।

### वसूली के नाम पर लाखों की ठगी, डंपर मालिक ने में दर्ज कराई शिकायत

गदरपुर। थाना गदरपुर क्षेत्र निवासी एक डंपर संचालक ने रुद्रपुर निवासी युवक पर पुलिस-प्रशासन के नाम पर अवैध वसूली करने, धमकी देने और गाली-गलौज करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने शिकायत पत्र में कहा कि करीब तीन वर्ष पूर्व रुद्रपुर की इंद्रा कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति ने उसे विश्वास दिलाया कि यदि वह प्रतिमाह 35 हजार रुपये देगा तो बाजपुर, किलाखेड़ा, गदरपुर, रुद्रपुर, गुलरभोज तथा किच्छा-पुलभट्टा क्षेत्र में उसके डंपर का पुलिस या प्रशासन द्वारा चालान की कार्रवाई नहीं की जाएगी। आरोप है कि उस व्यक्ति ने खुद को पुलिस-प्रशासन तक पहुंच रखने वाला बताते हुए वाहन संचालन में संरक्षण देने का दावा किया । पीड़ित का आरोप है कि उसने अपने वाहन तथा भाई के वाहन के लिए हर माह ऑनलाइन भुगतान और नकद के माध्यम से बड़ी धनराशि आरोपी को दी। पीड़ित के मुताबिक, अप्रैल 2026 में उसके भाई के वाहन का पुलिस ने 49 हजार रुपये का चालान कर दिया।

# ऊर्जा संकट के बीच धामी सरकार का नया नियम, बिजली दफ्तरों में एसी नहीं

देहरादून
हमारे संवाददाता

ऊर्जा संकट के बीच धामी सरकार ने नए दिशा निर्देश जारी किए हैं, जिसके तहत बिजली दफ्तरों में नो एसी और अफसरों को कारपूल के निर्देश दिए हैं। 23 कड़े नियम जारी किए गए, जिससे फिजूलखर्ची भी रुकेगी।



धामी सरकार के ऊर्जा संरक्षण और संसाधन प्रबंधन अभियान के तहत अब यूपीसीएल ने 23 कड़े नियम जारी किए हैं। जहां बिजली दफ्तरों में एसी का ना के बराबर इस्तेमाल होगा तो वहीं अफसरों को कारपूल करके दफ्तर आना होगा। नए आदेश के मुताबिक, अब सभी कार्यालयों और भवनों में एयर कंडीशनर का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच ही रखना होगा। इसके अलावा, अधिकारियों को एसी का प्रयोग न करने या कम से कम करने के लिए हतोत्साहित किया जाएगा। दफ्तरों में अनावश्यक रोशनी और सजावटी लाइटिंग पर भी पूरी तरह से नियंत्रण किया जाएगा। कर्मचारियों और अधिकारियों को कारपूल (गाड़ी साझा करना) या एम्प्लॉई बस सर्विस का उपयोग करने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही कर्मचारियों को साइकिल से कार्यालय आने-जाने के लिए प्रेरित करने के लिए एक विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। बिजली विभाग के कार्मिकों को निजी वाहनों के बजाए पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने की सख्त हिदायत दी गई है।

बिना आवश्यकता के होने वाली विदेशी और घरेलू यात्राओं पर पूरी तरह अस्थायी रोक लगा दी गई है। दफ्तरों के खर्चों से बचने के लिए वर्चुअल बैठक और हाइब्रिड गवर्नेंस को अनिवार्य रूप से अपनाने को कहा गया है। कर्मचारियों को सलाह दी गई है कि वे लंच ब्रेक के दौरान बाहर जाने के बजाए कार्यालय परिसर में ही अपना लंच करें, ताकि समय और ईंधन दोनों की बचत हो सके। सरकारी खरीद में शत-प्रतिशत मेक इन इंडिया नियमों का क ?ाई से पालन करने और त्योहारों पर स्थानीय हस्तशिल्प व जीआई-टैग वस्तुओं को प्राथमिकता देने का आदेश दिया गया है। यूपीसीएल के कार्यालय की कैंटीनों में तेल के उपयोग की समीक्षा की जाएगी। कम तेल वाले स्वास्थ्यवर्धक भोजन के लिए जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

अमेरिका बहुत अच्छे समझौते के करीब

# डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को नई धमकी न बनी बात तो अपनाएंगे दूसरा रास्ता

नई दिल्ली
एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ने संकेत दिया है कि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु मुद्दे पर बातचीत निर्णायक चरण में पहुंच सकती है। उन्होंने कहा कि वॉशिंगटन अपनी शर्तों के अनुरूप परिणाम चाहता है और अगर ऐसा नहीं होता है तो अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और ईरान एक बहुत अच्छे समझौते के करीब हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अगर वॉशिंगटन को अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप नतीजा नहीं मिला तो वह इसे दूसरे तरीके से खत्म करेगा। ट्रंप ने यह टिप्पणी अपनी बहू लारा ट्रंप को दिए एक साक्षात्कार में की, जिसका प्रसारण शनिवार रात फॉक्स न्यूज पर हुआ।

उन्होंने कहा, हम एक बहुत अच्छे सौदे के करीब हैं। अगर आप जल्दबाजी करेंगे तो आपको अच्छा सौदा नहीं मिलेगा। धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से, हमें वह मिल रहा है जो हम चाहते हैं - और अगर हमें वह नहीं मिला जो हम चाहते हैं, तो हम इसे किसी और तरीके से समाप्त करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फॉक्स न्यूज से बातचीत में कहा कि उन्हें ईरान के साथ समझौता करने की कोई जल्दी नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका एक शानदार समझौता करेगा, और अगर ऐसा नहीं हुआ तो हम वापस जाकर इसे सैन्य रूप से खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा कि वह समझौता करना पसंद करेंगे, क्योंकि इससे कई जानें बचेंगी और हम हस्ताक्षर करते ही होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत खोल सकते हैं।



### ईरान का दावा- मार गिराया अमेरिका का एमक्यू-1 ड्रोन

पश्चिम एशिया में छिड़े संघर्ष अब चौथे महीने में प्रवेश करने वाला है। दुनियाभर के देशों की ओर से ईरान के साथ अमेरिका-इस्राइल के बीच छिड़ी इस जंग का कूटनीतिक हल निकालने की तमाम कोशिशें बेनतीजा रही हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता में एक ओर ईरान और अमेरिका के बीच पर्दे के पीछे शांति समझौते की सुगबुगाहट तेज थी। हालांकि, बीते कुछ दिनों में जमीनी हालात पूरी तरह बदल गए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड की ओर से दक्षिणी ईरान में की गई ताजा सैन्य कार्रवाई ने चल रहे युद्धविराम को बेहद नाजुक मोड़ पर ला खड़ा किया है।

# भीषण गर्मी में गहराया पेयजल संकट, ग्रामीण क्षेत्रों के लिए नई पेयजल योजनाएं तैयार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

भीषण गर्मी के बीच हल्द्वानी और आसपास के ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट लगातार गंभीर होता जा रहा है। बढ़ती आबादी और सीमित जल स्रोतों के कारण कई गांवों में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पा रहा है। हालात को देखते हुए जल संस्थान ने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने के लिए नई योजनाओं पर काम शुरू कर दिया है।

जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता विशाल सक्सेना के अनुसार हल्द्वानी में हर वर्ष करीब तीन से चार हजार नए पेयजल कनेक्शन के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, जिससे पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। गर्मी के मौसम में यह चुनौती और बढ़ जाती है। शहर के अधिकांश हिस्सों में जलापूर्ति सामान्य बनी हुई है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की कमी के चलते टैंकरों के माध्यम से आपूर्ति करनी पड़ रही है।

वर्तमान में हल्द्वानी क्षेत्र में प्रतिदिन लगभग 80 एमएलडी पानी की आवश्यकता है, जबकि जल संस्थान केवल 72 एमएलडी पानी की आपूर्ति कर पा रहा है। मांग और आपूर्ति के बीच का यह अंतर ग्रामीण इलाकों में अधिक महसूस किया जा रहा है। कमलुवागांजा, बजूनिया हल्दू, रामपुर लामाचौर, कोरिया गांव, बच्चीनगर, गुजरोड़ा, हल्दुपोखरा, कुशालपुर, नाथूपुर पाडली और हिम्मतपुर समेत कई क्षेत्रों में निर्धारित मानकों के अनुसार जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

जल संस्थान ने इन क्षेत्रों के लिए विशेष पेयजल योजनाएं तैयार की हैं। विभाग का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 135 लीटर पेयजल उपलब्ध कराना है, ताकि लोगों को नियमित जलापूर्ति मिल सके और टैंकरों पर निर्भरता कम हो।

उधर, पेयजल संकट को देखते हुए जिला प्रशासन भी सतर्क हो गया है। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने बताया कि जल संकट से निपटने के लिए हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों में नए पानी के कनेक्शन, नए भवन निर्माण कार्यों तथा वाहन धुलाई केंद्रों पर पानी के उपयोग को मानसून आने तक प्रतिबंधित किया गया है। प्रशासन द्वारा समय-समय पर निरीक्षण कर आदेशों के अनुपालन की निगरानी भी की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की जा रही नई योजनाओं के लागू होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरी मानकों के अनुरूप नियमित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# मौसमः पहाड़ों पर बारिश और बर्फबारी के आसार, आंधी तूफान का येलो अलर्ट

देहरादून
हमारे संवाददाता

मौसम विभाग की ओर से आंधी व तूफान चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया। सात जून तक प्रदेश भर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा।

उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों के साथ मैदानी क्षेत्रों में भी मंगलवार को मौसम का मिजाज बदला रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय जिलों के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि 4000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के आसार हैं। इसके अलावा प्रदेश भर में कहीं-कहीं बिजली



चमकने के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी व तूफान चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया। इसका सीधा असर तापमान पर देखने को मिलेगा और गर्मी से राहत मिलेगी। आने वाले दिनों की बात करें तो सात जून तक प्रदेश भर में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा।

# मिट्टी माथे से लगाकर बोली खेल मंत्री- तीर्थ से कम नहीं खेल विश्वविद्यालय

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

खेल विश्वविद्यालय की भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद खेल मंत्री रेखा आर्या पहली बार गौलापार स्थित उस भूमि पर पहुंचीं, जिसे हाल ही में वन विभाग से विश्वविद्यालय के लिए अंतिम रूप से हस्तांतरित किया गया है।

अथक प्रयासों और लंबी प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद जब वह इस भूमि पर पहुंचीं तो भावुक हो उठीं और उन्होंने वहां की पावन मिट्टी को माथे से लगाकर नमन किया। निरीक्षण के दौरान खेल मंत्री ने विश्वविद्यालय परिसर के लिए चल रहे समतलीकरण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। वर्तमान में भूमि को



समतल करने तथा झाड़ियों एवं अन्य अवरोधों को हटाने का कार्य तेजी से चल रहा है इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि किसी अन्य व्यक्ति के लिए यह सिर्फ जमीन का एक टुकड़ा हो सकता है, लेकिन एक खेल मंत्री के रूप में मेरे लिए और प्रदेश के लाखों खिलाड़ियों के लिए यह किसी तीर्थस्थल से कम नहीं है। इस भूमि पर उत्तराखंड के खिलाड़ियों के सपने आकार लेंगे, उनकी प्रतिभा को नई दिशा मिलेगी और यहीं से भविष्य के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तैयार होंगे। उन्होंने कहा कि जब मैंने इस मिट्टी को माथे से लगाया तो मेरे मन में उन खिलाड़ियों का संघर्ष, समर्पण और सपने उमड़ पड़े, जो बेहतर सुविधाओं और अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह केवल एक विश्वविद्यालय की भूमि नहीं, बल्कि उत्तराखंड के खेल भविष्य की नींव है। आने वाले समय में यह स्थान खेल उत्कृष्टता का केंद्र बनेगा और देवभूमि के युवाओं को विश्वस्तरीय मंच प्रदान करेगा।

खेल मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और दृढ़ संकल्प के कारण यह महत्त्वाकांक्षी परियोजना अब वास्तविकता का रूप ले रही है। यह विश्वविद्यालय उत्तराखंड को देश के अग्रणी खेल राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। निरीक्षण के दौरान खेल उपनिदेशक राशिका सिद्दकी, जिला खेल अधिकारी निर्मला पंत, वरुण बेनीवाल, सतीश कुमार सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नैनीताल की सड़कों पर घंटों रेंगते रहे वाहन



नैनीताल

हमारे संवाददाता

पर्यटन सीजन के बीच नैनीताल सोमवार को भी जाम की समस्या से जूझता रहा। सुबह से लेकर शाम तक शहर की प्रमुख सड़कों पर वाहन रेंगते रहे जिससे स्थानीय लोगों समेत पर्यटकों तथा मरीजों और व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालात ऐसे रहे कि कुछ किलोमीटर का सफर तय करने में लोगों को घंटों लग गए।

बता दें सोमवार को सुबह से ही तल्लीताल, मॉल रोड, कालाढूंगी रोड समेत हल्द्वानी रोड और भवाली मार्ग पर दिनभर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। जाम के कारण कई पर्यटक अपने तय कार्यक्रम समय पर पूरे नहीं कर सके जबकि स्थानीय लोगों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए भी परेशानी झेलनी पड़ी। स्कूल जाने वाले बच्चों तथा अस्पताल जाने वाले मरीजों और कामकाज के लिए निकलने वाले लोगों को भी जाम का सामना करना पड़ा। स्थिति को और गंभीर बनाने का काम अपर मॉलरोड पर चल रहे टू.वे यातायात ने किया। लोअर मॉलरोड पर ट्रीटमेंट कार्य के चलते यातायात अपर मॉलरोड से संचालित किया जा रहा है। यहां एक ओर वाहन गुजर रहे थे तो दूसरी ओर बड़ी संखया में पर्यटक सड़क पर पैदल चल रहे थे जिससे बार-बार यातायात बाधित होता रहा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्यटन सीजन शुरू होते ही हर साल यही स्थिति बनती है लेकिन इसके बावजूद प्रभावी और स्थायी यातायात प्रबंधन नहीं हो पा रहा है। लोगों ने सड़क किनारे खड़े वाहनों और अव्यवस्थित पार्किंग को भी जाम का बड़ा कारण बताया।

उनका कहना है कि पुलिस के दावों के बावजूद सड?ों से अवैध पार्किंग पूरी तरह नहीं हट पा रही है जिसका सीधा असर यातायात व्यवस्था पर पड़ रहा है। इससे पर्यटन अनुभव भी प्रभावित हो रहा है और शहर की छवि पर भी असर पड़ रहा है। एसपी डॉ. जगदीश चंद्र ने कहा कि पर्यटन सीजन और सप्ताहांत के कारण वाहनों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। यातायात संचालन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और जाम खुलवाने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और पुलिस का सहयोग करने की अपील की।



## संविदा कर्मियों के नियमितिकरण व समान कार्य के लिए समान वेतन की उठी मांग

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के आवाहन पर संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम व संघर्ष समिति कुमाऊँ मंडल विकास निगम के सहयोग से अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पौधारोपण अभियान के 686 वें दिन निगम मुखयालय नैनीताल में पौधारोपण के साथ धरना प्रारंभ किया।

दिनेश गुरुरानी ने कहा कि कुमाऊं मंडल व गढ़वाल मंडल विकास निगम में संविदा में कार्यरत कर्मचारियों के नियमितीकरण व संविदा कर्मचारियों को समान कार्य का समान वेतन देने तथा सेवानिवृत कर्मचारियों के भुगतान के संबंध में धरना प्रारंभ किया गया है। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनके नेतृत्व में संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम द्वारा 3 जुलाई 2024 से राज्य ही नहीं अपितु देश में अपनी तरह काअनूठा पौधारोपण अभियान चलाया गया जो अभी तक भी जारी है। उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कंचन चंदोला ने कहा कि निगम के सभी कर्मचारियों को अपनी मांगों के समाधान के लिए धरना कार्यक्रम में शामिल होना होगा, उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी का उत्पीडन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी- कर्मचारी प्रकोष्ठ के महामंत्री नीरज जोशी ने कहा कि सरकार को चाहिए कि तुरंत समस्याओं का समाधान करते हुए कर्मचारियों की जायज मांगे मानी जाए। धरना कार्यक्रम में चंद्र सिंह राठौड़, दिनेश सांगुडी तथा दीपचंद जोशी व त्रिभुवन तथा देवेंद्र सहित निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।

## दिल्ली में बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में भवाली के सूरज ने जीता सोना

भवाली

हमारे संवाददाता



आंध्र एसोसिएशन गोदावरी ऑडिटोरियम दिल्ली में आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता मसल मेनिया रीजनल - 2026 में भवाली के 22 वर्षीय युवा खिलाड़ी सूरज नाथ ने मेन्स फिजीक जूनियर कैटेगरीश् में गोल्ड मेडल जीतकर शहर का मान बढ़ाया है।

बता दें इससे पहले सूरज साल 2024 में एनपीसी बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में भी गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। सूरज ने बताया कि यह जीत उनके लिए बेहद बड़ी है क्योंकि साल 2024 में एनपीसी कंपीटिशन जीतने के बाद उनकी कमर के निचले हिस्से में गंभीर चोट लग गई थी, चोट की वजह से उनका कैरियर करीब डेढ़ साल के लिए बिल्कुल रुक गया था हालात ऐसे थे कि उनके लिए रोजमर्रा के काम भी मुश्किल हो गए थे, इन सबके बीच जिम जाने के बारे में तो वह सोच भी नहीं पा रहे थे, जब उन्हें इस प्रतियोगिता के बारे में पता चला तो उन्होंने कई महीने इलाज और रिकवरी के बाद दोबारा जिम ज्वाइन किया और पूरे मन से तैयारी में जुट गए। जिसके लिए उन्होंने बिना किसी कोच और प्रोफेशनल ट्रेनिंग के 2 महीने तक कड़ी मेहनत और कड़े अनुशासन के साथ तैयारी की, इसी पक्के इरादे के दम पर उन्होंने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और जूनियर कैटेगरी में पहला स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया।सूरज ने बताया कि वह बॉडी बिल्डिंग में ही अपना कैरियर बनाना चाहते हैं जिसके लिए वह रोजाना कड़ी मेहनत करते हैं, उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर फि टनेस अपनाने की अपील की है। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता का आयोजन मसल मेनिया करवाती है यह एक ऑर्गनाइजेशन है जो नेचुरल बॉडी बिल्डिंग को प्रमोट करने के लिए दुनिया भर में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाती है।

## NEWS / फटाफट

### अधूरे पड़े नाले का निर्माण कार्य जल्द शुरु करने को सौंपा डीएम को ज्ञापन



नैनीताल । भाजपा जिला कार्यकारिणी के सदस्य हेम चंद्र आर्य के नेतृत्व में ग्रामीणों के शिष्टमंडल ने सोमवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन सौंपकर नैनीताल जिले के रामगढ़ विकास खंड के ग्राम हली शेरा में अधूरे पड़े नाले के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। शिष्टमंडल में पान सिंह,नंदन सिंह, नैन सिंह, इंदर सिंह बिष्ट समेत कई ग्रामीण शामिल रहे।

### सड़क किनारे वाहन पार्क करने वालों पर पुलिस का शिकंजा।

नैनीताल। नैनीताल में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस ने तल्लीताल सड़क किनारे वाहन खड़े कर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 45 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। बता दें तल्लीताल क्षेत्र में चलाए गए विशेष अभियान के तहत सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाया गया और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान किए गए। पुलिस की इस कार्रवाई से कुछ समय के लिए सड़कें अवरोध मुक्त नजर आई और यातायात संचालन में सुधार हुआ लेकिन पुलिस के जाते ही लोगों ने फिर सड़कों के किनारे वाहन पार्क कर दिए। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि सड़क किनारे वाहन पार्क कर यातायात प्रभावित करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है ताकि शहर में जाम की समस्या को कम किया जा सके।

### डॉ. अफ रोज अहमद आज करेंगे पर्यावरणीय मुद्दों की समीक्षा

नैनीताल । राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) की नई दिल्ली स्थित प्रधान पीठ के सदस्य एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीश स्तर के अधिकारी डॉ. अफ रोज अहमद मंगलवार (आज) नैनीताल पहुंचकर जनपद की पर्यावरणीय योजनाओं एवं विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों की समीक्षा करेंगे। दूसरी ओर इस संबंध में जिले के मुखय विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडेय ने संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं।मुखय विकास अधिकारी ने बताया कि दो जून (आज) को पूर्वाह्न 11 बजे नैनीताल कलब में जनपद के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित होगी। बैठक के लिए वन विभाग एवं उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोडल विभाग नामित किया गया है। सभी विभागीय अधिकारियों को अद्यतन सूचनाओं एवं प्रगति प्रतिवेदन के साथ निर्धारित समय पर बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए गये हैं। बैठक में जनपद के पर्यावरणीय प्रबंधनए संरक्षण उपायों तथा न्यायाधिकरण के निर्देशों के अनुपालन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा होने की संभावना है।

### कैरम टूर्नामेंट में प्री क्वार्टर व क्वार्टर फाइनल की जंग ते ज



नैनीताल । जिला बार एसोसिएशन नैनीताल द्वारा स्व. प्रताप सिंह मौनी अधिवक्ता की स्मृति में आयोजित कैरम प्रतियोगिता के छठे दिन यानी सोमवार को रोमांचक मुकाबले खेले गए। खास बात यह रही कि खुद जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण बिष्ट ने स्वयं मैच रेफ री की भूमिका निभाते हुए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। एसोसिएशन के क्रीड़ा सचिव डी.एस. दानू ने बताया कि सिंगल्स वर्ग में मनीष कांडपाल, हंसराज सिजवाली और चंद्रप्रकाश ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर प्री.क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया है वहीं डबल्स वर्ग में राकेश सुयाल समेत संजय सुयाल व डीएस दानू व हंसराज सिजवाली की जोड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। बताया कि टूर्नामेंट के अंतिम चरण की ओर बढने् के साथ खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा और रोमांच बढ़ता जा रहा है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक की प्रांतीय तदर्थ समिति की बैठक

नैनीताल

हमारे संवाददाता



राष्ट्रव्यापी शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी अथवा टेट) के विषय पर सर्वोच्च न्यायालय का फैसला विपरीत आने के पश्चात देश भर के शिक्षकों में बेचैनी का आलम है जिसे लेकर अलग-अलग प्रकार के प्रतिक्रियाएं आ रही हैं क्योंकि वर्षो से अपनी सेवाएं दे रहे शिक्षकों को सेवा के अंतिम पड़ाव पर टेट की अग्नि परीक्षा पार करने को लेकर एक अजीब सी बेचैनी का वातावरण बना हुआ है।

इसके साथ ही शिक्षकों में भी समय समय विभिन्न मापदंडों के अंतर्गत अलग.अलग संवर्गों के अंतर्गत नियुक्तियां हुई हैं जिस कारण इनमें से सैकड़ों शिक्षकों के टेट परीक्षा फ ॉर्म भरने की प्रक्रिया तकनीकी कर्म से संभव नहीं हो पा रही है जिस कारण वह भारी मानसिक तनाव की स्थितियों से गुजर रहे हैं। इस मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक की प्रांतीय तदर्थ समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को हुई जिसमें टीईटी एवं अनिवार्य स्थानांतरण को लेकर गंभीर मंथन किया गया एवं इसके आगामी आंदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसममति से कई प्रस्ताव पास किए गए जिसमें राजनीतिक विकल्प के रूप में नेता प्रतिपक्ष सहित सभी सांसदों से मुलाकात की जाएगी। बैठक में प्रांतीय तदर्थ समिति के मनोज तिवारी, जितेंद्र सिंह वाल्दिया, दिगंबर सिंह नेगी, दीपक सजवान, उत्तम सिंह फ र्त्याल, विनोद रतूड़ी, देवेंद्र सिंह चौधरी, धन्नाथ गोस्वामी, अश्विनी कुमार, पूरन बोरा, देवेश डोभाल तथा दीपक सिंह रावत व आदि उपस्थित रहे।

## पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की

नैनीताल

हमारे संवाददाता



नैनीताल में झीलों, तालाबों और प्राकृतिक जल स्रोतों को अतिक्रमण से मुक्त कराने को लेकर बड़ा कदम उठाया जाने वाला है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण ( एनजीटी) की प्रधान पीठ, नई दिल्ली के सदस्य एवं उच्च न्यायालय के न्यायाधीश डॉ. अफरोज अहमद ने आज नैनीताल क्लब में जिले के सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर पर्यावरण संरक्षण से जुड़े विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की। बैठक के दौरान कचरा प्रबंधन, सीवेज निस्तारण, प्रदूषित जल, नदियों और झीलों के संरक्षण, खनन नियंत्रण तथा पौधारोपण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। डॉ. अफरोज अहमद ने कहा कि कचरा प्रबंधन का कार्य भले ही देर से शुरू हुआ हो, लेकिन अब इसमें तेजी आई है और आने वाले समय में जिले को जीरो कचरा प्रबंधन की दिशा में आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि झीलों और नदियों को सुरक्षित रखने के लिए प्राकृतिक ड्रेनों और जल निकासी तंत्र को संरक्षित करना बेहद जरूरी है, झीलों के आसपास वर्षों से हुए अतिक्रमण को हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और भविष्य में किसी भी नए अतिक्रमण को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे. डॉ. अहमद ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय और एनजीटी के निर्देशों के तहत सभी तालाबों का सीमांकन और जियोटैगिंग की जाएगी यदि किसी भूमि पर तालाब होने की पुष्टि होती है तो उस पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई भी की जाएगी।

इस दौरान मुख्यमंत्री सचिव / कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे, अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल, उप जिलाधिकारी नावाजिश खालिक, डी एफओ आकाश गंगवार, ईओ नगर पालिका रोहिताश शर्मा, नगर निगम आयुक्त परितोष वर्मा, एसपी सिटी डॉ. जगदीश चंद्रा,मुख्य चिकित्साअधिकारी डॉ. हरीश पंत, पर्यटन अधिकारी अतुल भंडारी, जल संस्थान अधिशासी अभियंता रमेश गर्बयाल, भवाली पालिका ईओ राहुल सिंह, पीडब्लूडी एक्सेन रत्नेश सक्सेना, डीडीओ गोपाल, तहसीलदार अक्षय भट्ट, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण एई अभिषेक सिंह समेत अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# अभिमत

## बिजली संकट गहराया

*सच यह है कि उत्तराखंड में लोग बिजली संकट से त्रस्त हैं। सरकार द्वारा संकट के समाधान के आश्वासन खोखले साबित हो रहे हैं। बिजली संकट के लिए सरकार बहाने बनाती रहती है। विद्युत कटौती के लिए झूठ बोलने की नौबत आ गई है। भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशन, कूलर, पंखे का सहारा लेते हैं। बिजली की मांग बढ़ गई है। इसी बीच विद्युत उत्पादन गिरा है। अलग-अलग हिस्सों में घंटों बिजली कटौती की जा रही है, लेकिन ऊर्जा निगम के अधिकारी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। लाइन में फाल्ट और मरम्मत का बहाना बना रहे हैं।*

पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन करने के लिए आंदोलन करने वालों का दावा था कि पर्वतीय राज्य को हर तरह से खुशहाल बनाया जायेगा। देश के बड़े राज्य उत्तर प्रदेश का हिस्सा होने से विकास पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है और पर्वतीय क्षेत्र पिछड़ा है। उत्तराखंड राज्य का गठन होने पर गंगा, यमुना, कोसी, सरयू आदि नदियों के जल का उपयोग करके पनबिजली से ऊर्जा प्रदेश बनाने की बात राज्य सरकारें करती रही हैं। जरूरत से अधिक बिजली को बेचकर राजस्व प्राप्ति की बात भी कही। सच यह है कि उत्तराखंड में लोग बिजली संकट से त्रस्त हैं। सरकार द्वारा संकट के समाधान के आश्वासन खोखले साबित हो रहे हैं। बिजली संकट के लिए सरकार बहाने बनाती रहती है। विद्युत कटौती के लिए झूठ बोलने की नौबत आ गई है। भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। गर्मी से राहत के लिए एयर कंडीशन, कूलर, पंखे का सहारा लेते हैं। बिजली की मांग बढ़ गई है। इसी बीच विद्युत उत्पादन गिरा है। अलग-अलग हिस्सों में घंटों बिजली कटौती की जा रही है, लेकिन ऊर्जा निगम के अधिकारी स्वीकार नहीं कर रहे हैं। लाइन में फाल्ट और मरम्मत का बहाना बना रहे हैं। सर्दियों में हिमपात और बारिश कम होने से नदियों का जलस्तर गिर गया है। पनबिजली परियोजनाओं में उत्पादन घटता जा रहा है। राज्य सरकार ने सेंट्रल पूल और खुले बाजार से बिजली लेकर आपूर्ति की कोशिश की है, लेकिन मांग लगातार बढ़ने से बिजली संकट गहराता जा रहा है। मानसून के दौरान नदियों का जल स्तर बढ़ेगा, परन्तु पनबिजली उत्पादन नहीं बढ़ सकेगा, क्योंकि सिल्ट आने से हाइड्रो प्रोजेक्ट की टरबाइन नहीं चल पाती हैं। राज्य का गठन होने के ढाई दशक बाद भी पनबिजली के अलावा ऊर्जा के अन्य स्रोत नहीं तलाशे गये। जी-20 के तहत राज्य सरकार ने निवेशकों से समझौते किये हैं। उद्यम बढ़ने पर ऊर्जा की मांग स्वतः बढ़ेगी। केन्द्र सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा संयंत्र घरों में स्थापित करने के लिए आर्थिक मदद की घोषणा की है। सम्पन्न वर्ग सोलर एनर्जी के लिए आगे आ रहा है। निम्न तबके के लोग सोलर एनर्जी से लाभान्वित हो पायेंगे, इसमें संदेह है। पर्वतीय क्षेत्र और उद्योगों को विद्युत के लिए राज्य सरकार को ही उत्पादन बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। बिजली संकट के कारण निवेशक उत्तराखंड से मुंह मोड़ सकते हैं। पृथक राज्य का गठन होने पर औद्योगिक आस्थानों में उद्यमियों ने फैक्ट्रियां इस उम्मीद से स्थापित की थीं कि ऊर्जा प्रदेश कहे जाने वाले उत्तराखंड में अनवरत बिजली मिलेगी, जबकि उत्तर प्रदेश में ऊर्जा संकट था। वर्तमान में उत्तराखंड में भी उपभोक्ता बिजली को तरस रहे हैं। बिजली संकट से चौतरफा असर होगा और विकास थम जायेगा।

# जंगल, जन व पर्यटन को जोड़ेंगे लोहाजंग के प्रशिक्षित नेचुरलिस्ट

## 40 युवाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई



**लोहाजंग/ चमोली/नैनीताल**
हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद तथा टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी स्किल काउंसिल के सहयोग से आयोजित 15 दिवसीय नेचुरलिस्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को लोहाजंग में सफलतापूर्वक समापन हो गया। कार्यक्रम का संचालन समर्पित मीडिया सोसायटी द्वारा किया गया। बता दें समापन समारोह में मुखय अतिथि के रूप में वन विभाग लोहाँजुंग के वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप तौपाल उपस्थित रहे जबकि विशिष्ट अतिथियों में हिमालयन ईको पर्यटन स्वायत सहकारिता के अध्यक्ष भुवन चन्द्र सिंह बिष्ट एवं पूर्व प्रधानाचार्य खड? सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम में समर्पित मीडिया सोसायटी के अध्यक्ष पंकज शर्मा समेत वन विभाग के अधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद की अपर निदेशक पूनम चन्द वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ीं। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर पर्यटन से जोड़ना उत्तराखण्ड सरकार की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने सभी प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।प्रशिक्षण कार्यक्रम में लोहाजंग, देवाल एवं आसपास के क्षेत्रों के 40 युवाओं ने सक्रिय भागीदारी की। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण, पक्षी पहचान, स्थानीय वनस्पतियों, प्रकृति व्याखया कौशल, पर्यटक प्रबंधन, संचार कौशल, अतिथि सत्कार व प्राथमिक उपचार, सुरक्षा प्रबंधन तथा जिममेदार पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रायोगिक प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रतिभागियों को आजन टॉप मंडोली नेचर ट्रेल तथा बांक गांव नेचर ट्रेल का भ्रमण कराया गया। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने क्षेत्र की जैव विविधता, प्राकृतिक संसाधनों, ट्रेकिंग मार्गों तथा पर्यटन संभावनाओं का प्रत्यक्ष अध्ययन किया और प्रकृति आधारित पर्यटन की बारीकियों को समझा। प्रशिक्षण में शामिल अधिकांश प्रतिभागी पहले से ही ट्रेकिंग एवं नेचर गाइडिंग गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। इस प्रशिक्षण ने उनके अनुभव और स्थानीय ज्ञान को और अधिक सशक्त बनाया है जिससे वे पर्यटकों को बेहतरए सुरक्षित और ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान कर सकेंगे।मुखय अतिथि प्रदीप तौपाल ने कहा कि प्रशिक्षित नेचुरलिस्ट भविष्य में वन विभाग और स्थानीय समुदाय के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रकृति संरक्षण व स्थानीय आजीविका और पर्यटन विकास को एक साथ आगे बढ़ाने में इन युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी।समारोह में सभी सफल प्रतिभागियों को प्रमाण.पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल एक प्रमाण पत्र प्राप्त करने का माध्यम नहीं हैए बल्कि स्थानीय युवाओं को अपने प्राकृतिक संसाधनोंए संस्कृति और पर्यटन संभावनाओं से जोड़ने का एक सशक्त प्रयास है।कार्यक्रम के अंत में यह संकल्प लिया गया कि आने वाले समय में वन विभागए स्थानीय समुदाय और प्रशिक्षित नेचुरलिस्ट मिलकर लोहाजंग क्षेत्र में जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देंगे व पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करेंगे तथा स्थानीय युवाओं के लिए नए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर विकसित करेंगे।

## तेज हवाओं के साथ घर के पास विद्युत लाइन में गिरा देवदार का पेड़

**नैनीताल** । तेज हवाओं और मूसलाधार बारिश के बीच नगर के स्टाफ हाउस क्षेत्र में एक देवदार का पेड़ जड़ से टूटकर बिजली की लाइन को क्षतिग्रस्त करते हुए आंगन में गिर गया। संयोगवश पेड़ घर के गेट में फंस गया जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। यदि पेड़ सीधे नीचे की ओर गिरता तो घर के नीचे बना टीनशेड और आसपास की संपतियों को भारी नुकसान पहुंच सकता था। बता दें सोमवार की सुबह पेड़ गिरने से क्षेत्र की विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई जिससे आसपास के घरों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। घटना के समय क्षेत्र में अफरा.तफरी का माहौल बन गया। हालांकि किसी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। स्थानीय निवासी रश्मि आर्य ने बताया कि प्रभावित घर में दिव्यांग सदस्य सहित परिवार निवास करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कई पुराने और खोखले हो चुके पेड़ लंबे समय से लोगों के लिए खतरा बने हुए हैं।

## नैनीताल में सुबह से लेकर दोपहर तक झमाझम बारिश

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल में सोमवार को सुबह जबरदस्त बारिश के नाम रही। बारिश ने लोगों की राह थाम ली। नाले उफान पर रहे और सड़कों में जलभराव हो गया। बारिश से जीवनदायिनी नैनी झील के जल स्तर में ढाई इंच वृद्धि हुई है।

बता दें सोमवार की सुबह करीब आठ बजे से बारिश शुरू हो गई। वर्षा का वेग इतना प्रचंड था कि लोग जहां के तहां ठिठक कर रह गए। नाले उफान पर आए तो कचरे के ढेर झील में समा गए। लोअर मालरोड में कई जगहों पर जलभराव हो गया। बारिश की वजह से कई स्कूली बच्चे स्कूल नहीं जा सके। सरकारी कर्मचारियों को भीगते हुए दफतरों में जाना पड़ा। इस बीच जमकर ओले भी गिर गए। सुबह 11 बजे तेज बारिश जारी रही। इस बीच पर्यटन गतिविधियां ठप रही। वर्षा थमने के बाद हालात सुधर पाए और जन जीवन सामान्य हो सका। दोपहर में मौसम पूरी तरह साफ हो गया जो देर शाम तक सुहावना बना रहा। तेज बारिश के चलते नैनी झील के जल स्तर में ढाई इंच वृद्धि हुई है जलस्तर 78.8 फ टि पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार प्री मानसून शॉवर की बारिश आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी और मानसून जून के तीसरे सप्ताह तक पहुंचने की उममीद रहेगी।

### डीएसए के बाद अब नैनीताल का चिल्ड्रन पार्क भी जलमग्न

नैनीताल में बारिश ने एक बार फि र नगर की जल निकासी व्यवस्था की हकीकत सामने ला दी है। बीते दिन बारिश के दौरान जहां डीएसए मैदान के जलमग्न होने के बाद उठे सवाल अभी थमे भी नहीं थे कि सोमवार सुबह मल्लीताल स्थित चिल्ड्रन पार्क में भी भारी जलभराव हो गया। इससे प्रशासन और नगर पालिका के दावों पर फिर सवाल खड़े हो गए हैं।

## नैनी झील बारिश के साथ बहे कूड़े से हुई प्रदूषित

**नैनीताल** । मानसून से पूर्व ही तेज बारिश ने नैनीताल की सफ ाई व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर के विभिन्न हिस्सों से बहकर आया भारी मात्रा में कूड़ा तथा प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट सीधे जीवनदायिनी नैनी झील में समा गया। झील के किनारों पर तैरती गंदगी न केवल प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोल रही हैए बल्कि यह भी बता रही है कि झील को प्रदूषण से बचाने के दावे धरातल पर कितने कारगर हैं।

मामले में उप जिलाधिकारी नवाजिश खलिक ने बताया कि बारिश के दौरान कुछ स्थानों से कूड़ा बहकर नैनी झील में पहुंचने की सूचना मिली है। संबंधित विभागों को तत्काल सफाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि झील की स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# फिल्मी दुनिया

## खतरों के खिलाड़ी 15 का पहला बीटीएस प्रोमो हुआ जारी



*खतरों के खिलाड़ी 15 जल्द ही छोटे पर्दे पर प्रसारित होगा। प्रीमियर से पहले, इस शो के होस्ट रोहित शेट्टी ने सोशल मीडिया पर इसका पहला बीटीएस प्रोमो जारी किया है। पहले प्रोमो के बाद से ही शो के प्रति फैंस का उत्साह और बढ़ गया है।*

*स्टंट शो खतरों के खिलाड़ी 15 जल्द ही टीवी पर लौटने वाला है। फैंस इस शो का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। खास बात यह है कि होस्ट के तौर पर मशहूर निर्देशक रोहित शेट्टी का यह 10वां सीजन होगा। रोहित ने सोशल मीडिया पर इस सीजन का पहला बिहाइंड-द-सीन वीडियो भी शेयर कर दिया है। जिसे देखने के बाद इस शो के फैंस बेहद खुश हैं। रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, उसमें वह एक शानदार लाल कार में खतरनाक ड्रिफ्टिंग करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में उनका नया हेयरस्टाइल भी दिख रहा है। रोहित ने वादा किया है कि खतरों के खिलाड़ी 15 में बिल्कुल असली और पहले से कहीं ज्यादा खतरनाक स्टंट देखने को मिलेंगे। इस बार पुराने खिलाड़ी बनेंगे चैलेंजर। खतरों के खिलाड़ी 15 के सीजन को मजेदार बनाने के लिए पिछले सीजन के कुछ पुराने खिलाड़ी नए प्रतियोगियों को चुनौती देने आ रहे हैं। इनमें रुबीना दिलैक, करण वाही, जैस्मीन भसीन और ऋत्विक धनजानी शामिल हैं।*

### कब शुरू होगा खतरों के खिलाड़ी 15 ?

*खतरों के खिलाड़ी 15 में गौरव खन्ना, फरहाना भट्ट, अविनाश मिश्रा, हर्ष गुजराल और ओरी जैसे नए चेहरे साउथ अफ्रीका के केप टाउन में खतरों से खेलते नजर आ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, खतरों के खिलाड़ी 15 जुलाई 2026 में टीवी पर आ सकता है, हालांकि अभी तक इसकी कोई ऑफिशियल डेट सामने नहीं आई है।*

## पांच फीसदी वैज्ञानिकों की ग्लोबल सूची में कुविवि की प्रो. अनीता सिंह को मिला स्थान

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता



कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की तकनीकी संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो०. अनीता सिंह को साइंसरैंक ग्लोबल द्वारा वर्ष 2025 हेतु जारी सूची में विश्व के शीर्ष 5 प्रतिशत वैज्ञानिकों में स्थान प्राप्त हुआ है।

बता दें प्रतिवर्ष जारी होने वाली यह सूची वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट शोध कार्यों, उच्च गुणवत्ता वाले शोध प्रकाशनों और वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के आधार पर तैयार की जाती है। इस सूची में स्थान बनाने वाली प्रो. अनीता सिंह भीमताल भरतपुर निवासी हैं एवं वे भेषज विज्ञान विभाग की प्राध्यापक होने के साथ इस विभाग की विभागाध्यक्ष भी रहीं हैं और वर्तमान में विश्वविद्यालय के तकनीकी संकाय की संकायाध्यक्ष हैं। उनके द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित शोध पत्रिकाओं में 90 से अधिक शोध पत्र प्रकाशित किए गए हैं वहीं उनके निर्देशन में 15 से अधिक शोधार्थियों द्वारा शोध कार्य करते हुए पीएचडी की डिग्री प्राप्त की गई है। उनके इन्हीं योगदान के चलते उन्हें प्राप्त वैश्विक पहचान पर विश्वविद्यालय में हर्ष व्यक्त किया गया है। उनको मिली अहम कामयाबी पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत, निदेशक आईक्यूएसी प्रो. संतोष कुमार यादव, डी एस बी परिसर नैनीताल की निदेशक प्रो नीता बोरा शर्मा, परिसर निदेशक भीमताल प्रो. एल के सिंह समेत संकायाध्यक्ष बायोमेडिकल प्रो. महेंद्र सिंह राणा, विभागाध्यक्ष भेषज विज्ञान विभाग प्रो. कुमुद उपाध्याय समेत प्रो. अर्चना नेगी साह, प्रो तीरथ कुमार तथा डॉ राजेश्वर कमल कांत व डॉ बामाप्रसाद दत्त सहित कुविवि परिवार ने बधाइयां दी और हर्ष व्यक्त किया है।

# नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में सोमवार को आयोजित सांस्कृतिक संध्या रंगारंग प्रस्तुतियोंए मधुर संगीत और विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रतिभा से सराबोर रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भावपूर्ण प्रार्थना नृत्य से हुआ।

विद्यार्थियों ने संगीत और मनोहारी भाव भंगिमाओं के माध्यम से ईश्वर के प्रति श्रद्धाए कृतज्ञता और आस्था का सुंदर संदेश प्रस्तुत किया। इसके पश्चात मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध कवि रॉबर्ट साउदी की कविता द कैटरैट ऑफ लॉडोर की समूह काव्य प्रस्तुति दी।संगीतमय प्रस्तुतियों की श्रृंखला में विद्यालय के हिन्दुस्तानी गान दल ने भारतीय संगीत जगत की सुप्रसिद्ध गायिका आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके लोकप्रिय गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्राओं ने भारत के राष्ट्रीय प्रतीकों को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न भारतीय नृत्य शैलियों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ भी दीं। इसके बाद अंग्रेजी गान दल ने सामूहिक संगीत की सुंदरता और एकता की भावना को दर्शाती मधुर प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया।कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण हिन्दुस्तानी ऑर्केस्ट्रा रहा।



इसके उपरान्त वायलिन वादन की प्रस्तुति ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। सांस्कृतिक संध्या का मुखय आकर्षण डिज्नी मूवी द लायन किंग का नाट्य रूपांतरण रहा। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय कौशलए संवाद अदायगी और मंचीय अभिव्यक्ति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास को नई दिशा प्रदान करते हैं। इस दौरान आगरा डायसेस चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के सेक्रेटरी व शेरवुड कॉलेज के प्रधानाचार्य व ऑल सेंट्स कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के सदस्य अमनदीप संधू, बिरला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य ए के शर्मा व आशा शर्मा, लॉन्ग व्यू पबलिक स्कूल के प्रधानाचार्य भुवन त्रिपाठीए छात्राओं के अभिभावकों समेत कई गणमान्य व्यक्ति और विद्यालय के शुभचिंतक उपस्थित रहे।अंत में ऑल सेंट्स कॉलेज की प्रधानाचार्या एंजिना रिचर्ड्स ईश्वर के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए सभी शिक्षकों व कर्मचारियों समेत उपस्थित सभी दर्शकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन शिक्षिका नीमा उपाध्याय सहित छात्रा तनिष्का शाही, मलिया जोशी, प्रिशा चड्ढा, अर्पण कौर और गर्विता जोशी ने किया।

News कॉर्नर

## नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पति समेत अन्य के खिलाफ अभियोग दर्ज

रुद्रपुर। एक नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया। पंचनामा की कार्रवाई मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई। उधर पुलिस ने मृतका के पिता ने पति समेत अन्य ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक राजवीर शर्मा पुत्र होरीलाल शर्मा निवासी मोहल्ला नौगवां फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली हाल निवासी वसुंधरा गुरुबक्स ग्रीन गंगापुर रोड रुद्रपुर ने पुलिस को बताया कि पुत्री काजल शर्मा का विवाह 18 फरवरी 2026 को अजय कुमार पुत्र राजू शर्मा निवासी मोहल्ला पंजाबी गोल लाइट विकास कॉलोनी किच्छा के साथ हिंदू रीति रिवाज के तहत किया था। हैसियत से बढ़कर दहेज दिया।

# शराब की दुकान में भीषण आग करोड़ों का सामान जलकर राख

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर के तिकोनिया क्षेत्र में स्थित अंग्रेजी एवं देशी शराब की दुकान में देर रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर से गुजर रहे लोगों की नजर दुकान पर पड़ी, जिसके बाद तत्काल दमकल विभाग को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी, जिसके चलते दमकल विभाग के तीन वाहनों को मौके पर लगाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया।

बताया जा रहा है कि दुकान के भीतर एक भरा हुआ गैस सिलेंडर भी रखा था। आग के बीच दमकल कर्मियों ने साहस का परिचय देते हुए सिलेंडर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।



प्राथमिक जानकारी के अनुसार आग में दुकान में रखा करोड़ों रुपये का शराब का स्टॉक और अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भारी भीड़ जुट गई। समय रहते दमकल विभाग की कार्रवाई से आग को आसपास की दुकानों तक फैलने से रोक लिया गया। अधिकारियों ने नुकसान का आकलन शुरू कर दिया है। वही दुकान स्वामी राजेंद्र पाल, व नीरज मिश्रा ने बताया कि आंख से पोने दो करोड रुपए का नुकसान हुआ है। को अमित सैनी आग करीब रात 2 बजे लगी है। समय रहते दमकल कर्मियों को पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया है।

## काशीपुर बाईपास चौड़ीकरण का रास्ता साफ, लोनिवि को दी एनओसी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में बहुप्रतीक्षित काशीपुर बाईपास मार्ग के चौड़ीकरण का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है। नगर निगम रुद्रपुर ने चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित भूमि को लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित करने के लिए अपनी अनापत्ति (एनओसी) दे दी है। नगर निगम की सहमति मिलने के बाद अब सड़क चौड़ीकरण कार्य को गति मिलने की उम्मीद है। महापौर विकास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि काशीपुर बाईपास मार्ग का चौड़ीकरण लंबे समय से प्रस्तावित था। शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल इस सड़क पर वाहनों का भारी दबाव रहता है और अक्सर लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। यातायात व्यवस्था को सुचारू करने के उद्देश्य से इस मार्ग के चौड़ीकरण की योजना बनाई गई थी। चौड़ीकरण की जद में नगर निगम की कुछ दुकानें आने के कारण व्यापारियों में चिंता बनी हुई थी। प्रभावित व्यापारियों ने



अपनी दुकानों को बचाने और राहत दिलाने की मांग की थी। व्यापारियों की समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री से वार्ता कर मामले को प्रमुखता से रखा। इसके बाद सड़क की प्रस्तावित चौड़ाई को कुछ कम करने का निर्णय लिया गया, जिससे व्यापारियों को राहत मिल सकी। महापौर ने बताया कि चौड़ीकरण से संबंधित कुछ तकनीकी प्रक्रियाएं लंबित थीं। लोक निर्माण विभाग ने अधिग्रहित भूमि के हस्तांतरण के संबंध में नगर निगम से सहमति मांगी गई थी। इस पर कार्रवाई करते हुए नगर निगम ने भूमि हस्तांतरण के लिए लोक निर्माण विभाग को अनापत्ति प्रदान कर दी है। काशीपुर बाईपास का चौड़ीकरण शहर के विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण परियोजना है।

## लेक सिटी कलब की माता की चौकी 7 जून को

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर की प्रतिष्ठित लेक सिटी वेलफेयर कलब की बैठक सोमवार को कलब की अध्यक्ष कविता त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय कया गया कि 7 जून (रविवार) को नगर के राज्य अतिथि गृह के शैले हाल में माता की चौकी का भव्य आयोजन किया जाएगा।

बैठक में कलब की सचिव डा. प्रगति जैन ने बताया कार्यक्रम की कामयाबी के लिए उर्मिला चौहान को संयोजक जबकि रानी शाह सीमा सेठ एवं रमा लोहनी को सह संयोजक नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया इस बार रुद्रपुर से राजीव तूफानी एवं शुभम गुप्ता की मंडली को कीर्तन के लिए बुलाया गया है। बताया कि कार्यक्रम रविवार 7 जून को अपराह्न 20 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि माता की चौकी को लेकर नगर में विशेष उत्साह का माहौल है। बताया कि कलब पिछले 10 सालों से माता की चौकी का नगर में भव्य आयोजन करते आ रहा है। कार्यक्रम की तैयारी बैठक में रानी शाह, आभा शाह, हेमा भट्ट, दीपा पांडे, दया कुंवर, रमा भट्ट, तुषी शाह, अनुराधा भट्ट ,विनीता पांडे, जीवंती भट्ट, गीता साह, मंजू बिष्ट, दीपिका बिनवाल, प्रेमा अधिकारी, प्राची आर्या, कविता गंगोला, सविता कुलौरा, अमिता शाह, अमिता शेरवानी, ज्योति ढौंढियाल, मधुमिता, तनु सिंह, मीनू बुधलाकोटी, लीला राज, रमा तिवारी, नीलम गुप्ता, रेखा पंत, संगीता श्रीवास्तव, नीरू शाह, रेखा जोशी, मीनाक्षी कीर्ति, दिव्या शाह, पल्लवी, सोनू शाह, मानसी गर्ग, ज्योति वर्मा, जूही अग्रवाल, भावना शाह, वंदना जोशी, पुष्पा कांडपाल, सीमा नौटियाल, विमलेश गोस्वामी तथा कंचन जोशी आदि सदस्य उपस्थित थी। अंत में कलब की सचिव डा.प्रगति जैन ने सभी का आभार जताया।



## पुलिस ने 9.09 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने युवक को हजारों रुपए की स्मैक के साथ नशे के सौदागर को गिरफ्तार किया है। बीती देर रात चोरगलिया रोड स्थित चिराग अली शाह बाबा मजार जाने वाली गली में युवक भी मौके से भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। उसने अपना नाम साहिल खान निवासी बागजाला, गौलापार, थाना काठगोदाम बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 9.09 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

## मॉल रोड पर खुला नया कैफे ग्लोब बेकर्स एंड कैफे

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल की माल रोड में सोमवार को ग्लोब बेकर्स एंड कैफे नाम से एक नया कैफे खुल गया है। कैफे की ब्रांच लखनऊ, बहराइच तथा कानपुर आदि में कई जगह पर भी है।

बता दें कैफे का उद्घाटन विधायक सरिता आर्या ने किया। इस मौके पर व्यापार मंडल मल्लीताल के अध्यक्ष किशन सिंह नेगी तथा अध्यक्ष बाइक रेंटल संगठन संजय सिरोही व हीना टूर्स ओनर युसुफ खान पंमी खान,



नईम अहमद, जैन भाई, आरिश भाई, रबबानी इमरान, महेंद्र खाती, तारीख भाई, सुल्तान ,कमल किशोर, भारत मेहरा, सोनू नेता तथा अन्य कई सामाजिक सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्यापारी का उपस्थित रहे।

# 1 जून से जिले के सभी विकास खंडों में खेती बचाओ अभियान

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जिला सभागार में आयोजित खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने किसानों से कहा कि संतुलित उर्वरक का उपयोग करते हुए खेती करें। ताकि मिट्टी उर्वरता बनी रहे।

उन्होंने कहा कि टिकाऊ खेती और बेहतर कल के लिए हम सबकों मिलकर काम करना होगा। खेतो में गोबर व हरी खाद का अधिक से अधिक उपयोग करें, ताकि मिट्टी उर्वरता बनी है। उन्होंने कहा कि अधिक मात्रा में रसायनिक खाद् उपयोग करने से मिट्टी उर्वरता भी खत्म होती है व अनाज व सब्जी के सेवन से स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है।




उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी यही विजन है कि ऑर्गेनिक खेती को अधिक से अधिक अपनाया जाये। ऑर्गेनिक खेती से भी अच्छी फसल प्राप्त होती है और किसी प्रकार का स्वास्थ्य पर कोई दुष्प्रभाव भी नही पड़ता है। उन्होने किसान भाईयों से कहा कि हमे अपने व मिट्टी स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ वीकेएस यादव ने बताया कि खेती बचाओ अभियान 1 जून से 30 जून तक जनपद के सभी विकास खंडों में जन जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंने किसानों से कहा कि मिट्टी की जांच कराकर ही उर्वरक व दवाईयों का उपयोग करें ताकि आने वाले समय में मिट्टी उर्वरता बनी रहे। खेतों की मिट्टी का परीक्षण कराने से उर्वरक शक्ति का पता चल सकता है। इसलिए किसान भाई खेतों की मिट्टी का परीक्षण अवश्य कराये। इस दौरान जिला अध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, जिला पंचायत सदस्य सूरज नारायाण,एडीएम कौस्तुभ मिश्र, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ आशुतोष जोशी, मुख्य उद्यान अधिकारी सतीश कुमार शर्मा, किसान ठाकुर जगदीश सिंह, कमल शर्मा,रीना देवी, छोटे सिंह, राजपाल सिंह, प्रांजल त्रिपाठी, ज्ञान सिंह चौहान, उमेश सिंह, हरीश सिंह, शशांक चन्द्र, निदेश सिंह, माया देवी आदि किसान मौजूद रहे।